**अभ्यास प्रश्न पत्र - 5 (2020-21)**

**कक्षा 12**

**विषय : राजनीति विज्ञान (028)**

**समय : 3 घंटे**

**अधिकतम अंक : 80**

**सामान्य निर्देश:**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड ए में 1-16 तक सभी प्रश्न वस्तिुनष्ठ प्रकार के हैं।
3. खंड बी में अवतरण पर आधारित प्रश्न 17 और 18 हैं और प्रत्येक 1 अंकीय प्रश्न बहु-विकल्प पर आधारित है।
4. प्रश्न संख्या 19-22 में 2 अंक हैं। इन सवालों के जवाब प्रत्येक के 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 23-27 में प्रत्येक पर 4 अंक हैं। इन सवालों के जवाब 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 28-29 मानचित्र और कार्टून प्रश्नों से संबंधित है, जिनमें से प्रत्येक के अनुसार 5 अंक दिए जा सकते हैं।
7. प्रश्न संख्या 30-32 में प्रत्येक पर 6 अंक हैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक को 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

**खंड-ए**

1. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए । 1

ब्राज़ील, गुटनिरपेक्ष आंदोलन का संस्थापक सदस्य है ।

2. सियटो (SEATO) का पूर्ण रूप लिखिए । 1

3. शीत युद्ध के दौर में पूंजीवाद और समाजवाद के बीच विश्व विभाजन का एक बेहतरीन उदाहरण किसे माना जाता था ?    1

क) चीन की दीवार

ख) बर्लिन की दीवार

ग) स्टेचू ऑफ़ लिबर्टी

घ) इनमें से कोई नहीं

4. सोवियत संघ के किस राष्ट्रपति ने प्रेस्त्रोइका और ग्लासनोस्त शब्दों का प्रयोग किया ?    1

5. दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए ।    1

जापान , ब्रिक्स संगठन का महत्वपूर्ण सदस्य है ।(सही / गलत)

6. भारत में उदारीकरण की शुरुआत किस वर्ष से मानी जाती है?
1

क) 1985

ख) 1991

ग) 1995

घ) 199

7. संयुक्त राष्ट्र महासभा की प्रथम महिला अध्यक्ष कौन थीं ?    1

8. बोध चंद्र  सिंह किस रियासत के महाराजा थे ? 1

9. राज्य पुनर्गठन आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई ? 1

क) 1951

ख) 1953

ग) 1955

घ) 1957

10. भारतीय जन संघ के संस्थापक कौन थे ? 1

11. इनमें से कौन एक क्षेत्रीय दल नहीं है ? 1

क) अकाली दल

ख) शिव सेना

ग) बीजू जनता दल

घ) बहुजन समाज पार्टी

12. "संपूर्ण क्रांति" का नारा किसके द्वारा दिया गया ? 1

13. साप्ताहिक समाचार पत्र 'पांचजन्य' किनके द्वारा प्रारम्भ किया गया ? 1

क) पंडित दीन दयाल जी

ख) लाल बहादुर शास्त्री जी

ग) जय प्रकाश नारायण जी

घ) मोरार जी देसाई जी

14. पंडित दीन दयाल उपाध्याय जी को भारतीय जनसंघ का अध्यक्ष कब निर्वाचित किया गया? 1

क) 1960

ख) 1965

ग) 1967

घ) 1968

15. 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को कुल कितनी सीटें प्राप्त हुईं? 1

क) 301

ख) 302

ग) 303

घ) 304

16 रा.ज.ग. (NDA) का विस्तृत रूप लिखिए। 1

**खंड- बी**

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें:

(1+ 1+ 1 + 1 = 4)

क्यूबा मिसाइल संकट शीत युद्ध का चरम बिंदु था। शीत युद्ध सोवियत संघ और अमेरिका तथा इनके साथी देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता ,तनाव  और संघर्ष की एक श्रृंखला के रूप में जारी रहा ।  सौभाग्य से इन तनावो और संघर्षों ने युद्ध का रूप नहीं लिया यानी इन दो देशों के बीच कोई पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध नहीं छिड़ा  । विभिन्न इलाकों में युद्ध हुए : दोनों महाशक्तियों और उनके साथी देश इन युद्धों में संलग्न रहे ;वे क्षेत्र विशेष के अपने साथी देश के मददगार बने लेकिन दुनिया तीसरे विश्व-युद्ध से बच गई ।

17.1 शीत युद्ध के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा कथन सही नहीं है?

a) यह यूएस और यूएसएसआर के बीच एक प्रतियोगिता थी।

b) यह अमेरिका और यूएसएसआर के बीच टकराव की एक श्रृंखला थी।

c) इससे यूएस और यूएसएसआर के बीच हथियारों की होड़ शुरू हो गई।

d) अमेरिका और यूएसएसआर रक्तरंजित युद्ध में लगे हुए थे।

17.2 पश्चिमी गठबंधन की विचारधारा क्या थी?

a) समाजवाद और साम्यवाद की विचारधारा।

b) वैचारिक रूढ़िवाद की विचारधारा

c) उदार लोकतंत्र और पूंजीवाद की विचारधारा

d)इनमे से कोई भी नहीं

17.3 निम्नलिखित में से क्यूबा मिसाइल संकट के दौरान सोवियत संघ का नेता कौन था?

a) जॉन एफ़ कैनेडी
b) निकिता ख्रुश्चेव
c)फिदेल कास्त्रो
d)मिखाइल गोर्बाचेव

17.4 निम्नलिखित में से कौन पश्चिमी गठबंधन का हिस्सा नहीं है?

a) वारसा संधि
b) नाटो
c) सियटो
d) सेंटो

18. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें :

(1+ 1+ 1 + 1 = 4)

वैश्वीकरण से हमेशा राज्य की ताकत में कमी आती हो- ऐसी बात नहीं। राजनीतिक समुदाय के आधार के रूप में राज्य की प्रधानता को कोई चुनौती नहीं मिली है और राज्य इस अर्थ में आज भी प्रमुख है।विश्व की राजनीति में अब भी विभिन्न देशों के बीच मौजूद पुरानी ईर्ष्या और प्रतिद्वंदिता की दखल है । राज्य कानून और व्यवस्था ,राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे अपने अनिवार्य कार्यों को पूरा कर रहे हैं और बहुत सोच समझकर अपने कदम उन्हीं दायरों में दायरों से खींच रहे हैं जहां उनकी मर्ज़ी हो । राज्य अभी भी महत्वपूर्ण बने हुए हैं । वस्तुतः कुछ मायनों में

वैश्वीकरण के फलस्वरूप राज्य की ताकत में इज़ाफा हुआ है अब राज्यों के हाथ में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मौजूद है जिसके बूते राज्य अपने नागरिकों के बारे में सूचनाएं जुटा सकते हैं । इस सूचना के दम पर राज्य ज्यादा कारगर ढंग से काम कर सकते हैं । उनकी क्षमता बढ़ी है ;कम नहीं हुई । इस प्रकार नई प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप राज्य अब पहले पहले से ज्यादा ताक़तवर है।

18.1 राज्य के अनिवार्य कार्य कौन से हैं?

a) कानून और व्यवस्था को बनाए रखना

b) राष्ट्रीय सुरक्षा को बनाए रखना

c) राष्ट्रीय सुरक्षा तथा कानून और व्यवस्था को बनाए रखना

d) इनमें से कोई नहीं

18.2 भारत ने कौन से वर्ष में वैश्वीकरण को अपनाया ?

a) 1990

b) b) 1991

c)1992

d)1993

18.3 निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ।

a) नई प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप राज्य अब पहले पहले से ज्यादा कमजोर है।

b) राज्य अपने नागरिकों के बारे में सूचनाएं जुटा सकते हैं ।

c) वैश्वीकरण के फलस्वरूप राज्य के हाथ में अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी मौजूद है।

d) नई प्रौद्योगिकी के परिणामस्वरूप राज्य  अब पहले पहले से ज्यादा ताक़तवर है।

18.4 भारत ने वैश्वीकरण क्यों अपनाया ?

a) 1991 में वित्तीय संकट से उबरने के लिए
b) आर्थिक वृद्धि की ऊंची दर हासिल करने के लिए
c) विदेशों में निवेश के लिए
d) वित्तीय संकट से उबरने और आर्थिक वृद्धि की ऊंची दर प्राप्त करने के लिए

**खंड- सी**

19. सोवियत संघ के विघटन के किन्ही दो महत्वपूर्ण कारकों का उल्लेख कीजिए ? 2

20. आसियान के प्रमुख उद्देश्य क्या थे ? किन्हीं चार का उल्लेख करो। ½x4=2

21. वैश्वीकरण के किन्ही दो सांस्कृतिक प्रभावों को लिखिए। 1+1=2

22. ऐसी चार रियासतों के नाम लिखिए । जिनको भारत में विभाजन के पश्चात विलय करने में अधिक कठिनाई का सामना करना पड़ा? ½x4=2

अथवा

इंस्ट्रूमेंट ऑफ एक्सेशन से आप क्या समझते हैं?      2

**खंड-डी**

23. स्पष्ट करें कि किस प्रकार इज़राइल राजनैतिक व आर्थिक शक्ति के एक वैकल्पिक केंद्र के रूप में स्थापित हो सकता है।    4

24. हैदराबाद  रियासत किस प्रकार भारतीय संघ का हिस्सा हुई? स्पष्ट कीजिए।
4

25. भारत निशस्त्रीकरण को बढ़ावा देता है फिर भी भारत ने परमाणु परीक्षण किए। इसके पीछे भारत की परमाणु नीति क्या है?    4

अथवा

नेहरु, विदेश नीति के संचालन को स्वतंत्रता का एक अनिवार्य संकेतक क्यों मानते थे? अपने उत्तर  के पक्ष में दो तर्क दें।                4

26. क्या आपके अनुसार शॉक थेरेपी, साम्यवाद से पूंजीवाद की ओर संक्रमण का सबसे बेहतर तरीका था?  4

अथवा


सोवियत संघ के विघटन का भारत के लिए क्या परिणाम हुआ?

27. राष्ट्रीय विकास परिषद के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।4

**खंड**

**-ई**

**28. विश्व के दिए गए मानचित्र में ए, बी ,सी ,डी , ई , देश दर्शाए गए हैं . नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें पहचानिए और उनके नाम , प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप में अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए। ( 1+1+1+1+1 = 5)**




1. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का मुख्यालय कहां स्थित है ?
2. विश्व व्यापार संगठन का मुख्यालय कहां स्थित है ?
3. सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्य देश कौन सा है ?
4. 2006 तक सर्वाधिक वीटो पावर का इस्तेमाल करने वाला देश है ?
5. UNO के वर्तमान महासचिव किस देश के रहने वाले हैं ?

**निम्नलिखित प्रश्न दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैं इनके उत्तर लिखें। 1x5=5**

1. संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना कब हुई?
2. अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष का कोई एक कार्य बताएं।
3. विश्व बैंक की स्थापना कब हुई ?
4. मानव अधिकारों की रक्षा में सक्रिय एक स्वयंसेवी संगठन का नाम बताएं।
5. भारत UNO का सदस्य कब बना?

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| 1) | | |
| 2) | | |
| 3) | | |
| 4) | | |
| 5) | | |

**29. दिए गए कार्टून का ध्यान पूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1+2+2=5)**

**( दो अंक के प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होनी चाहिए ।)**




29(i) "लोकतंत्र बचाओ" की पट्टीका पकड़े हुए व्यक्ति कौन है ? नाम लिखिए । 1

29(ii) कार्टून में दिखाए गए पांच व्यक्तियों के समूह की राय में, धरने पर बैठे हुए व्यक्ति का इरादा क्या है ? 2

29(iii) लोकतंत्र के पतन के लिए उत्तरदाई किन मुद्दों को कार्टून में उजागर किया गया है ? 2

**नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टि बाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है ।**

29.1 "लोक नायक" के नाम से कौन सा नेता प्रसिद्ध था ? 1

29.2 "संपूर्ण क्रांति" में कुल कितनी क्रांतियां शामिल थी ? नाम लिखिए । 2

29.3 मानववाद क्या है? एकात्मक मानववाद का विचार किसने दिया?2

## खंड- एफ

30. भारत तथा रूस के संबंधों पर प्रकाश डालें। 6

अथवा

सार्क जैसे क्षेत्रीय संगठन किस प्रकार दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकते हैं? किन्हीं 6 बिंदुओं पर प्रकाश डालें।

31.राजनीतिक दल की परिभाषा देते हुए उनके कार्यों का वर्णन करें ।6

अथवा

बहुदलीय प्रणाली क्या है तथा भारत जैसे विभिन्नताओं से परिपूर्ण देश में बहुदलीय प्रणाली किस प्रकार लाभकारी सिद्ध हो सकती है ? 6

32. एनडीए 4 क्या है? तथा इसके विकास के लिए महत्वपूर्ण एजेंडे पर प्रकाश डालें। 6

अथवा

शासन को कारगर बनाने के लिए कौन सी कसौटी आवश्यक होती है ? व्याख्या करें।

*************